<u>समाचार–प्रकाशनार्थ :–</u>

# *विधायक श्री काश्यप द्वारा गोपाल गौशाला कॉलोनी के नव श्रृंगारित उद्यान और ओपन जिम का लोकार्पण*

## आमजन से किया जनभागीदारी का आव्हान
## आजाद से घांस बाजार तक बनेगी सीमेन्ट कांक्रीट सड़क
## विधायक श्री काश्यप ने किया कार्य का शुभारंभ

रतलाम 06 मई । वार्ड क्रमांक 16 की गोपाल गौशाला कॉलोनी में साढ़े 19 लाख रुपए की लागत के उद्यान और ओपन जिम का लोकार्पण विधायक रतलाम शहर माननीय श्री चेतन्य जी काश्यप के मुख्य आतिथ्य में हुआद्य इस मौके पर श्री काश्यप ने शहर में किए जाने वाले विकास कार्यो पर प्रकाश डालते हुए आम जन से जनभागीदारी का आव्हान किया उन्होंने कहा कि जनभागीदारी से व्यवस्थाएं सुचारु रहती है।

विधायक रतलाम शहर माननीय श्री काश्यप ने बताया की आगामी 4–6 महीनों में शहर के सभी प्रमुख सड़क मार्गो का नवनिर्माण होगा। आज ही आजाद चौक से घांस बाजार के बीच सीसी रोड़ बनाने का शुभारंभ किया जा रहा है। कालोनियों के आंतरिक मार्गो का भी इसी तरह निर्माण किया जाएगा। गोपाल गोशाला कालोनी के समीप फोरलेन बन चुका है और ओवरब्रिज का काम जारी है।

उन्होने बताया कि ईश्वर नगर के फाटक पर अंडर ब्रिज का प्रस्ताव मंजूर हा गया है जिसे मोड़ अधिक होने से अंतिम रूप दिया जाना है। श्री काश्यप ने उद्यान में बिजली कनेक्शन और अन्य कार्यो क लिए समिति बनाने का सुझाव दिया। प्रारंभ में स्वागत भाषण सुदीप पटेल ने दिया।

उद्यान लोकार्पण व सड़क शुभारंभ अवसर पर जिला महामंत्री श्री निर्मल कटारिया, जिला कोषाध्यक्ष श्री जयवंत कोठारी, जिला थोक एवं फुटकर व्यापारी संघ अध्यक्ष श्री मनोज झालानी ,युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष श्री विप्लव जैन, मंडल अध्यक्ष श्री कृष्णकुमार सोनी, श्री मयूर पुरोहित, श्री निलेश गांधी, श्री दिलीप गांधी, झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ प्रदेश संयाजिका श्रीमती अनीता कटारिया, महामंत्री श्री हेमन्त राहौरी, पूर्व पार्षद श्रीमती निर्मला पटेल, पूर्व पार्षद एवं जिला महामंत्री अजा मोर्चा श्री सुदीप पटेल. पिछड़ा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष श्री दिनेश राठौड़, जिला मंत्री श्री शुभम चौहान ,मंडल महामंत्री श्री नंदकिशोर पवार, श्री कमल सिलावट, श्री विनोद यादव पूर्व पार्षद श्रीमती विष्णु कांता पांचाल महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष श्रीमती राखी व्यास के अलावा सर्वश्री पीरूलाल सोनावचा, हितेश कामरेड, निलेश जैन, गजेन्द्र पडियार, आयुष पडियार, सिद्धार्थ कटारिया, करण वशिष्ठ, रवि पवांर, धर्मेन्द्र व्यास, बालमुकुन्द चावड़ा, मिलन राखेचा, नितेश तलेरा, संदीप सोनी, केशव सक्तावत, राजेश रांका एवं कार्यपालन यंत्री श्री सुरेशचन्द्र व्यास, सहायक यंत्री श्री श्याम सोनी और वार्ड के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे !! इस अवसर पर पटेल कॉलोनी मित्र मंडल एवं कलीम कॉलोनी मित्र मंडल एवं गोपाल गौशाला कॉलोनी के निवासियों ने आदरणीय विधायक जी का स्वागत किया

# *खेतलपुर में कम्युनिटी हॉल का आज होगा भूमि पूजन*

**रतलाम 6 मई । खेतलपुर में कम्युनिटी हॉल का आज 07 मई शनिवार को प्रातः 11:00 बजे विधायक रतलाम शहर माननीय श्री चेतन्य जी काश्यप के कर कमलों द्वारा**

**व सदस्य, जिला योजना समिति श्री राजेन्द्र सिंह जी लुनेरा की अध्यक्षता में भूमि पूजन संपन्न होगा।**

**आयोजित लोकार्पण कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक व निगम अधिकारी उपस्थित रहेंगे।**

# *झोन प्रभारी व दरोगा का 1–1 माह का वेतन रोका*

रतलाम 6 मइ। सफाई व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान वार्ड क्रमांक 15 सुभाष नगर के नाले–नालियां गंदगी से भरे पाये जाने पर निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार कार्य में लापरवाही बरतने पर झोन क्रमांक 3 के प्रभारी श्री ए.पी. सिंह व वार्ड दरोगा अजय–बाबुलाल का 1–1 माह का वेतन रोके जाने हेतु कारण बताओ सूचना–पत्र जारी किया।

# *प्रभारी कार्यपालन यंत्री व 2 उपयंत्रियों की 2–2 वेतन वृद्धि रोकी*

रतलाम 6 मइ। यूआईडीएसएसएमटो योजना में पाईप लाईन कार्य में लापरवाही बरते जाने पर ठेकेदार से राजसात की गई राशि 185 लाख की राशि से शेष पाईप लाईन डालने व टेस्टींग किये जाने के कार्य में कोई कार्यवाही नहीं किये जाने पर प्रभारी कार्यपालन यंत्री श्री मोहम्मद हनीफ शेख व उपयंत्री श्री सुहास पंडित व श्री बी.एल. चौधरो की 2–2 वेतन वृद्धि रोके जाने हेतु कारण बताओ सूचना–पत्र जारी किया गया।

# नगर निगम के विभिन्न करों से 19.68 लाख राजस्व प्राप्त हुआ

रतलाम 6 मई । संपत्तिकर, जलकर, लायसेंस, राजस्व, विकास शाखा, बिल्डिंग परमिशन के तहत नागरिकों द्वारा जमा कराये गये करो के तहत 5 व 6 मई को कुल राशि रूपये 19,68,935/– का राजस्व प्राप्त हुआ।

नगर निगम के विभिन्न करों के तहत 5 व 6 मई को संपत्तिकर कार्यालय 531423, वसूली दल 73782 कुल 605205, जलकर कार्यालय से 953255, वसूली दल 82180 कुल 1035435, स्पॉट फाईन 13500, लायसेंस 146108, दुकान–गुमटी किराया कार्यालय 168687 इस तरह कुल राशि रूपये 19,68,935/– का राजस्व निगम को प्राप्त हुआ।

# कचरा संग्रहण हेतु कचरा संग्रहण वाहनों ने लगाई 214 ट्रीप
## *104 मीट्रिक टन से अधिक कचरा जुलवानिया पंहूचा*

रतलाम 6 मइ। निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार नगर निगम के कचरा संग्रहण वाहनों के माध्यम से घर–घर से पृथक–पृथक एकत्रित किया जा रहे गीले–सूखे कचरे व सड़को व नाले–नालियों की सफाई के दौरान निकलने वाले कचरे का प्रतिदिन वजन किया जाकर जुलवानिया ट्रेचिंग ग्राउण्ड पर पंहूचाया जा रहा ह जिसके तहत 6 मई शुक्रवार को 214 ट्रीप लगाकर 104 मीट्रिक टन से अधिक कचरा जुलवानिया ट्रेचिंग ग्राउण्ड पर पंहूचाया गया।

6 मई शुक्रवार को मैजिक सूखा कचरा 44105 किलो, मैजिक गीला कचरा 21355 किलो, डम्पर से 28815 किलो, ट्रेक्टर से 9740 किलो व घरेलू हानिकारक कचरा 1.5 किलो इस तरह कुल 104016.5 किलो कचरा जुलवानिया ट्रेचिंग ग्राउण्ड पंहूचाया गया।

